Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
7566	18.07.2023	20.07.2023	Siddharthnagar Uttar Pradesh	www.amarujala.com/Hindi https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/siddharthnagar/health-of-20-children-deteriorated-after-eating-sweets-in-siddharthnagar-2023-07-18
Title:	**20 children fell ill after eating rasgulla in Siddharthnagar, Uttar Pradesh**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU – Siddharthnagar, SSU- Uttar Pradesh			

सिद्धार्थनगर के शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के कोईरीडीहा में सोमवार को मिठाई खाने से 20 बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शोहरतगढ़ पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने बच्चों को खतरे से बाहर बताया है। जानकारी के मुताबिक, कोईरीडीहा में दीनदयाल के घर शाम को लालमोहन मिठाई बनी थी। उन्होंने पड़ोस के बच्चों को भी मिठाई खिलाई। थोड़ी देर में बच्चों को उल्टी होने लगी। यह देख दीनदयाल घबरा गए। उन्होंने आसपास के लोगों को बुलाया और बच्चों को अस्पताल ले जाया गया।

डॉ. अखिलेश कुमार आजाद और डॉ. एसके भारती ने बताया कि सभी का उपचार किया जा रहा है। सभी खतरे से बाहर हैं। बीमार बच्चों में महेश के तीन बच्चे युवराज, नंदनी, शिवा के साथ ही सुरेंद्र की पांच वर्षीय बेटी तान्या, राम भरोसे का पांच वर्षीय बेटा अंकित, आठ वर्षीय राजेश व 10 वर्षीय लड़की मोहनी, रामवृक्ष की 12 वर्षीय बेटी सोनाक्षी, पांच वर्षीय मधु व 10 वर्षीय बेटा दिवाकर शामिल हैं।

इनके अलावा शिवकुमार की 10 वर्षीय लड़की सोनाक्षी, अर्जुन मौर्य का 12 वर्षीय लड़का रिशु व 10 वर्षीय प्रिंस, दिनेश मौर्य का पांच वर्षीय लड़का आर्यन, संतोष की सात वर्षीय लड़की कविता, शिवकुमार मौर्य का 10 वर्षीय लड़का कार्तिक मौर्य व पांच वर्षीय शुभम भी बीमार हुए हैं।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on twitter https://twitter.com/IDSP_MSVC